हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 दूसरा अध्याय नाटक ने मोहा दर्शकों का मन



10 रात्रि ठहराव कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं आमजन...



## खबर संक्षेप

### फरक्का एक्सप्रेस में दस लाख के आभूषण चोरी

**जींद।** इटावा से फरक्का एक्सप्रेस रेलगाड़ी में बठिंडा लौट रही महिला यात्री के दस लाख के गहने चोरी हो गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत रेलवे थाना पुलिस को दी है। रेलवे थाना पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पंजाब के बठिंडा स्थित गांव गोनियाना निवासी रीता देवी ने रेलवे थाना पुलिस को दी शिकायम में बताया कि वह 23 अप्रैल को वह बेटे नितिन कुमार के साथ शादी में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश गई थी।

### सरकारी खाल तोड़ा एक पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकबुरा में सरकारी खाल तोड़ने पर उचाना थाना पुलिस ने सिंचाई विभाग के एसडीओ की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 फरवरी को डयूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में गांव खरकबूरा में बद की खाल का खुलवा दिया था। बावजूद इसके गांव खरकबूरा निवासी प्यारेलाल ने खाल को फिर से तोड़ दिया।

### तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो किया हमला

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ में जलवा पूजन के दौरान गली में तेज गति से बाइक चलाने का विरोध किया तो आरोपितों ने हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोहते को लेकर गली में बैठा था। पड़ोसी के जलवा पूजना का कार्यक्रम चला हुआ था। उसी दौरान गांव का ही अमन तेज रफ्तार बाइक लेकर गुजरा। उसका दोहता बाल-बाल बच गया।

### मेहरड़ा के टॉवर से सैल चोरी, शिकायत दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मेहरड़ा गांव में टॉवर से सैल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कंपनी के सुपरवाइजर रणबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेहरड़ा गांव में टॉवर लगा हुआ है। टॉवर पर 24 अप्रैल को दरवाजा खुलने का अलार्म आया था। जब मौके पर जाकर देखा तो टॉवर से 45 बैटरी के सैल चोरी हुए मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज प्रताड़ना का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल की एक विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गांव कर्म गढ़ के संदीप के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया। मामले की जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुदेश देवी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा। यह आयोजन माननीय सुश्रीकंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के मार्गदर्शन में तथा कंवल कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी- -सचिव के नेतृत्व में संपन्न होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल, कंपाउंडेबल आपराधिक एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निपटारा किया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री ने की जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता

# नायब सरकार आमजन को न्याय व सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध: ढांडा

### समाधान के लिए रखे 13 मामलों में से पांच का मौके पर किया समाधान

**किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**





जींद। जिला परिवेदना समिति की बैठक की में शिकायत सुनते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व जिला परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री महिपाल ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को न्याय व सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कुल 13 एजेंडे रखे गए। जिनमें से पांच मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि शेष मामलों पर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। कहा जिला कष्ट निवारण समिति आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी मंच है। जहां विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान किया जाता है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को न्याय मिले और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो। इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को और अधिक जवाबदेह बनाया जा रहा है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने नरवाना स्थित पुराने कोर्ट रोड पर बरसाती पानी की निकासी के लिए जल्द नाला बनाए जाने के मामले पर संज्ञान लेते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती सीजन से पहले इस नाले को पूरा करवाया जाए। यहां विधित है कि विभाग द्वारा नाला निर्माण के प्रपोजल को मुख्यालय भेजा जा चुका है, अप्रूवल आते ही जल्दी निर्माण करवा दिया जाएगा। इसी प्रकार गांव दबैलन से आए दो पक्षों के झगड़े की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने दोबारा जांच के आदेश दिए। इसमें समिति के गैर सरकारी सदस्यों को मनोनित कर मामले की सच्चाई जानने के लिए कहा गया। नेशनल हाईवे पर लाईटनिंग, गड्ढे तथा बरसाती पानी निकासी के लिए स्थापित ढक्कन के मामले पर कैबिनेट मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को शिकायतकर्ता के साथ मौका मुआयना करने और सभी कार्य सही तरिके से करवाने के लिए कहा। बेरीखेडा में विकास कार्यों के प्रति धांधली की शिकायत पर मामले को स्वयं समिति अध्यक्ष ने अपने स्तर पर रिव्यू करने के लिए कहा। इसमें वे उपायुक्त का सहयोग भी लेंगे। गांगोली माइनर से किसान को पानी उपलब्ध न होने बारे शिकायत पर एडीसी की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अगले 20 दिन में विवरण सहित रिपोर्ट उपलब्ध करने के लिए कहा। इसी प्रकार नगूरां निवासी महिला द्वारा पारिवारिक झगडे के संबंध मे भी गैर सरकार सदस्यों की समिति द्वारा दोबारा जांच के आदेश दिए और एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा।

### विधानसभा सेशन से भाग रही कांग्रेस : शिक्षा मंत्री

**जींद।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि राजनीति में महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस ने जो पाप किया है, वो किसी से छुपा नही है। कांग्रेसी नही चाहते कि 60 प्रतिशत आबादी (महिलाओं) को आरक्षण मिले। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। हर जगह झंडे गाड़ रही हैं। उनको 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात आई तो कांग्रेस ने विरोध किया। इसलिए अब कांग्रेस के पास कुछ भी बोलने के लिए नही बचा है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बुधवार को परिवेदना समिति बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि पहले तो कांग्रेस कहती है कि सैशन नही बुलाते। जब सैशन बुलाया जाता है तो यह अंदर नही आते हैं। सैशन के लिए समय नही देते हैं। जितना लंबा सैशन वर्ष 2014 से अबतक भाजपा के कार्यकाल में हुआ है, उतना लंबा सैशन कभी भी आजतक नही हुआ है। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सैशन अंदर चल रहा है और कांग्रेसी बाहर पार्किंग में बैठ कर सैशन चलाने की बात कर रहे हैं। जब सब चुने हुए प्रतिनिधि हैं और अगर विरोध ही करना है तो अंदर क्यों नहीं। कांग्रेस अंदर इसलिए नही आई, क्योंकि उनके पास बोलने के लिए कुछ नही है। जैसे गुरू हैं वैसे ही चेले हैं। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि ग्रुप डी के बच्चों को प्रमोशन के लिए सैशन बुलाया गया था। इन बच्चों को भी प्रमोशन का चांस मिलना चाहिए और उनकी प्रमोशन होनी चाहिए। उनको आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

समिति अध्यक्ष ने संगरतपुरा में आम रास्ते पर अवैध कब्जा बारे मिली शिकायत पर बीडीपीओ को जल्द निशानदेही करवा कब्जा हटवाने बारे कहा। इसी प्रकार बराडखेड़ा के निवासी ने गांव का पानी उसके खेत में घुसने की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने एडीसी को मामले की जांच कर शिकायतकर्ता को संतुष्ठ करने निर्देश दिए। उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, सभी उपमंडल के एसडीएम, बीजेपी के जिला प्रधान तेजेंद्र सिंह दूल, डा. राज सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा समिति के गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त

### तीन विशेष टीमें तैनात, मनचलों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

शहर में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएंगी।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया की स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास विशेष रूप से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इन क्षेत्रों में अक्सर छात्राओं से छेड़छाड़, पीछा करने और अभद्र व्यवहार जैसी शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में अब इन स्थानों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पार्क और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की विशेष टीमें नियमित रूप से गश्त करेंगी। बाइक या कार से महिलाओं का पीछा करने वालों, अनावश्यक रूप से मंडराने वाले युवकों और सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी डर के दैनिक कार्य, शिक्षा और अन्य गतिविधियां जारी रख सकें।

# शाहपुर में घर में लगी आग, चार पशु झुलसे

### एसडीएम ने मौके का किया निरीक्षण, आग के कारणों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा

शाहपुर में मंगलवार रात को एक घर में आग लग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मकान मालिक के चार पशु झुलस चुके थे। जिससे पशु पालक को लाखों रुपये का नुकसान है। गांव के लोगों ने मामले की सूचना उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को दी। विधायक ने



तुरंत प्रभाव से उचाना के एसडीएम रमित यादव को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए। विधायक के निर्देशानुसार बुधवार को उचाना एसडीएम ने शाहपुर गांव में मौके पर पहुंच कर निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है। गांव के सरपंच जयपाल ने बुधवार को उचाना एसडीएम रमित यादव को दी शिकायत में बताया कि गांव के टेकराम के में घर मंगलवार रात को अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में बंधी तीन भैंस तथा एक गाय झुलसने के अलावा घर में रखा काफी समान जल गया। जिससे गांव के लोगों ने लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से उक्त व्यक्ति को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे

उचाना एसडीएम रमित यादव ने बताया कि घर में लगी आग की सूचना पर शाहपुर गांव पहुंच कर मौके का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान आग से तीन भैंस तथा एक गाय झुलस गई हैं। आग के कारणों की जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी।



ढांड। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल विद्यार्थियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने का दिया संदेश

**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन समिति के प्रधान तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते कहा कि फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि नए अवसरों और चुनौतियों की शुरुआत है। विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सोनिया रानी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य, गीत, कविता-पाठ, नाट्य प्रस्तुति और फैशन वॉक ने कार्यक्रम में रंग भर दिए।

# सोलर फ्रेंचाइजी का झांसा देकर लगाया ₹ 3.30 लाख का चूना

- फेसबुक पर एड देखकर किया था ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

साइबर ठगों ने सोलर फ्रेंचाइजी का झांसा देकर दुकानदार को सवा तीन लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शामदो निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में किरयाणा की दुकान चलाता है। गत चार जनवरी को उसने फेसबुक पर टाटा सोलर फ्रेंचाइजी की ऐड देखी थी। जिस पर उसने सोलर की फ्रेंचाइजी लेने का मन बना लिया। जो उसे बताया गया था, एप के माध्यम से उसने पूरी जानकारी भर कर भेज दी। जिसके बाद पांच जनवरी को उसके पास कॉल आई। जिसने खुद को टाटा सोलर मुंबई से बताया कि उसकी रिक्वेट पास हो गई है। सिक्योरटी के तौर उसे 25 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। जिस पर उसने राशि को जमा करवा दिया। जिसके बाद 200 रुपये गूगल पे भेजे। जिसके बाद आरोपितों ने 45 हजार रुपये एग्रीमेंट के नाम पर वसूले गए। फिर सामान उपलब्ध करवाने तथा ट्रेनिंग के नाम पर अढ़ाई लाख रुपये की डिमांड की थी।



राजौंद। अनाज मंडी में खरीद के बाद तेजी से किया जा रहा गेहूं का उठान कार्य।

### राजौंद अनाज मंडी में गेहूं उठान ने पकड़ी रफ्तार

**राजौंद।** अनाज मंडी में गेहूं उठान का कार्य इन दिनों जोरों पर है। खरीद प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब खरीद केंद्रों द्वारा तेजी से गेहूं का उठान किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस सीजन में कुल 6 लाख 83 हजार 144 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। इसमें राजौंद अनाज मंडी में 2 लाख 39 हजार 534 क्विंटल, जाखौली में 1 लाख 14 हजार 963 क्विंटल, सेरधा में 66 हजार 367 क्विंटल तथा किठाना मंडी में 2 लाख 62 हजार 280 क्विंटल गेहूं पहुंचा। मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि अब सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं की आवक बंद हो चुकी है और पूरा ध्यान उठान कार्य पर केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि राजौंद अनाज मंडी के तीनों खरीद केंद्रों पर अब तक लगभग 76 प्रतिशत गेहूं का उठान किया जा चुका है। यदि अलग-अलग केंद्रों की बात करें तो राजौंद मंडी से 64 प्रतिशत, जाखौली से 91% और किठाना से 80 % गेहूं का उठान पूरा हो चुका है।

### जमीन की सौदेबाजी कर पांच लाख हड़पने के आरोपी दबोचे


**जींद।** शहर थाना पुलिस ने जमीन की सौदेबाजी कर पांच लाख रुपये हड़पने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। फूल कुमार ने गत चार अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने गांव बीबीपुर निवासी प्रदीप तथा उसके पिता रणबीर से भिवानी रोड पर प्लाट को सौदा किया था। जिसकी कीमत 34 लाख 30 हजार रुपये तय हुई थी। तीन अगस्त 2022 को उसने पचास हजार रुपये नगद तथा साढ़े चार लाख रुपये का चैक दे दिया। जिसके बाद दो जनवरी 2023 को रजिस्ट्री का दिन तय कर दिया गया। आरोपित ने खाता अलग न होने की बात कही। जिसके बाद आरोपित को अपने हिस्से से रजिस्ट्री करवाने की बात कही। उल्टे आरोपितों ने बकाया राशि को देने का दबाव बनाया था।

## तीन डिग्री लुढ़का तापमान, गर्मी से मिली कुछ राहत,

# सुबह बूंदाबांदी, शाम को फिर छाए बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बुधवार को सुबह हलकी बुंदाबादी हुई। दिन में आंशिक बादलवाई भी बनी रही। जिसके चलते तापमान में भी तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हवा भी ज्यादा गर्म नही रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 19 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार तीस अप्रैल तक मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। जींद में बूंदाबांदी, नरवाना, सफीदों, पिल्लूखेड़ा में शून्य, जुलाना में तीन एमएम तथा उचाना में बूंदाबांदी दर्ज की गई। बुधवार को दिन का आगाज हलकी बूंदाबांदी तथ सुहाने मौसम के साथ हुआ। हालांकि बूंदाबांदी ज्यादा समय नही रही। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज भी कुछ गर्म होता चला गया। आकाश में आंशिक बादलवाई भी दिखाई देती रही। हवा भी ज्यादा गर्म नही हुई। सुबह को हुई बूंदाबांदी के चलते तापमान लुढ़क कर 37 डिग्री पर आ गया। अधिकतम तापमान में तीन डिग्री गिरावट दर्ज की गई।



जींद। रात के समय चलती तेज आंधी। फोटो :हरिभूमि

### कहीं-कहीं बूंदांबांदी की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार वीरवार को भी मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा। बुधवार को सुबह बूंदाबादी हुई और आकश में आंशिक बादलवाई भी बनी रही। वीरवार को आकाश में बादल छाएंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना भी बन रही है। जिससे तापमान में कुछ गिरावट आएगी। जिसके बाद फिर से तापमान मे इजाफा होगा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उतार चढाव बना हुआ है। वीरवार को बादलवाई देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं बूंदांबांदी की भी संभावना है।







जींद। नृत्य प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### इंडस स्कूल के विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का जादू

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए इंटरनेशनल डांस डे पर सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और प्रतिभा का अद्भुत प्रतिभा का शानदान प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने पारंपरिक और विभिन्न धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। हर प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत, उत्साह और लग्न साफ झलक रही थी। प्रतियोगिता के दौरान वातावरण तालयों से और उत्साह से गूंज उठा। निर्णायकों ने बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन उनकी प्रस्तुति, भाव भंगिमा और तालमेल के आधार पर किया। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि एसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और मंच पर प्रदर्शन करने की क्षमता को विकसित करती है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को हर प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक

**जींद।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला में जल आपूर्ति योजनाओं के नियमित संचालनए समय-समय पर रखरखाव तथा खराब उपकरणों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से विकसित होने वाली तकनीक

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवता प्रकोष्ठ द्वारा मेधा लर्निंग फ ाऊडेशन उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के साथ एमओयू के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया है। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार ने की। इसमें मुख्य तौर पर मेधा लर्निंग फ ाऊडेशन के मैनेजर रजत कुमार ने हिस्सा लिया। रजत कुमार ने विद्यार्थियों को एआई के आधारभूत सिद्धांतो के अलावा एआइ टूल्स के बारे में विस्तार से व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की महत्वपूर्ण व तेजी से विकसित होने वाली तकनीक है।

### दो युवतियां व एक महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं कौशिक नगर से भी 28 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### बिजली कर्मचारियों का धरना 23वें दिन जारी

**उचाना।** एसडीओ समेत तीन के तबादलों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर बिजली निगम कार्यालय प्रांगण में कर्मचारियों का धरना जारी है। धरने के 23वें शासन, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। अध्यक्षता सुभाष शर्मा ने की वक्ताओं ने कहा कि 23 दिनों से लगातार धरना जारी है लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर रहा है। 28 अप्रैल से कैश काउंटर बंद है। यहां पर किसी तरह का बिल जमा नहीं हो रहा है। अब 1 मई को बड़ा फैसला धरना स्थल पर लेंगे। जो तबादले बिजली निगम से हुए है वो राजनीति दबाव के चलते किए गए है।

### विद्यार्थियों को बांटी एल्बेंडाजोल की टेबलेट

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय कालेज की युवा रेडक्रॉस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में एल्बेंडाजोल टेबलेट वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने इस अवसर पर युवा रेडक्रॉस इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य उन्मुख कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। छात्रों से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### लोक अदालत अभियान से न्याय होगा सरल

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि देश में लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते सर्वोच्च न्यायालय ने समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 नामक राष्ट्रीयव्यापी अभियान शुरू किया है। यह पहल 21 अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी।

---

### तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह का समापन

# दूसरा अध्याय नाटक ने मोहा दर्शकों का मन

**प्रेम, सामाजिक नैतिकता, मानवीय संवेदनशीलता, परिस्थितियों और कल्पना को खोजता है नाटक दूसरा अध्याय**

## नाटक कला सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शैडो चिल्ड्रेन रिसर्च सेंटर फॉर थिएटर एंड टीवी और संस्कार भारती ईकाई जींद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह का समापन हिंदी नाटक दूसरा अध्याय से हुआ। शैडो ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता भट्टी ने बताया कि जयंती समारोह के समापन पर भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा रहे। नाटक कलाकारों को बधाई दी और नाट्य कला की वर्तमान समय में व्यक्तिगत जीवन को सरल एवं सुखद बनाने में योगदान बताया और बताया कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का माध्यम भी बताया। दूसरा अध्याय नाटक एक महिला नीरजा की भावनात्मक यात्रा को दर्शाता है, जो एक साधारण कामकाजी महिला है और विवाह की सीमाओं से परे अपनी आंतरिक चाहत का सामना करने का साहस करती है। मद्रास में एक प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उसकी मुलाकात अभय से होती है, जो एक नीडर और भावनात्मक रूप से संवेदनशील व्यक्ति है। हालांकि नीरजा पहले से विवाहित है, फिर भी उसे अभय में कोई ऐसा मिलता है जो उसे गहराई से समझता है। बातचीत, यादों और कल्पना के जरिये उनका रिश्ता विकसित होता है, जो वास्तविकता और भावनात्मक सच्चाई के बीच की रेखा को धुंधला कर देता है। यह नाटक प्रेम, नैतिकता, जिम्मेदारी और इस बात पर गहरे सवाल उठाता है कि क्या मनुष्य वास्तव में स्वतंत्र है या परिस्थितियों से संचालित होता है। यह प्रेम को उसके सबसे नाजुक और ईमानदार रूप में प्रस्तुत करता है, जो मानवीय रिश्तों पर एक गहरा चिंतन है। इसके नाटककार अजय शुक्ला जिनका दूसरा अध्याय को साहित्य कला परिषद से सराहना मिली। समारोह की अध्यक्षता मोतीलाल स्कूल के प्राचार्य रविंदर कुमार ने की। उन्होंने बताया कि यह नाटक दूसरा अध्याय प्रेम, सामाजिक नैतिकता, मानवीय संवेदनशीलता, परिस्थितियों और कल्पना को खोजता है।

पूरे सभागार को एक कैफे स्पेस में बदला गया है, जो उस भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक संसार का प्रतीक है। जहां अभय और नीरजा मिलते हैं। यह इमर्सिव मंचन दर्शकों को पात्रों के आंतरिक जीवन के और करीब लाता है। यह नाटक दर्शकों को अपनी भावनात्मक यात्रा और रिश्तों की जटिलताओं पर चिंतन करने के लिए आमंत्रित करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नवीन कुमार दहिया रहे। उन्होंने कहा कि इसकी प्रस्तुतियां आदमी को खुद को सोचने पर मजबूर कर देती हैं। आदमी अपने जीवन के साथ इन कहानियों को जोड़ता है और कुछ सीख लेकर जाता है। नाटक के निर्देशक शिवम राय व परिकल्पना डा. अजय कुमार शर्मा की रही। जबकि डा. रवजोत कौर डा. अजय कुमार शर्मा, आयुष सरल रहे। प्रकाश परिकल्पना हंसराज उपाध्याय व संगीत युवराज हंस, अंकित का रहा। मंजू मानव द्वारा सफल मंच संचालन किया किया। इस मौके पर नाट्य प्रेमी डा. सुरेश जैन, रमेंद्र सिंह, हिमानी गुप्ता, दीपक कौशिक, ओम प्रकाश चौहान रहे। रिशी नागर, जितेंद्र अहलावत और अंकित शर्मा ने संपूर्ण समारोह को व्यवस्थित किया। नाटक में शकुंतला काजल रानी, सोनिया, हसन, जितेंद्र पाल, रमेश मूर्ति, एडवोकेट घनश्याम जैन, सुनील वशिष्ठ, सुभाष ढिगाना, डा. हनीफ भट्टी ने सफल आयोजन पर बधाई दी और प्रशासन का धन्यवाद किया।





मंच पर नाटक का मंचन करते हुए कलाकार व तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह के समापन पर मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

---




जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

## मिशन बुनियाद लेवल-३ का परिणाम जारी, जींद के ३३२ छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन बुनियाद लेवल 3 का परिणाम जारी हुआ है। जिसमें प्रदेश के 4215 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें जींद जिला के 332 विद्यार्थी शामिल हैं। जिसमें 181 लड़कियां व 151 लड़के शामिल हैं। मिशन बुनियाद लेवल.3 की परीक्षा 17 अप्रैल को गोहाना रोड स्थित राजकीय महिला कालेज में हुई थी। इसमें जिलेभर के 538 विद्यार्थियों में से 462 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जबकि 76 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। मिशन बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है। जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में छात्रों को निशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट के साथ ही बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। जिले में इस समय मिशन बुनियाद के तहत पांच केंद्र चल रहे हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींदए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना, मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना शामिल हैं।

**विभाग की अच्छी पहल**

जिला के 332 विद्यार्थी चयनित हुए जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की अच्छी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। मिशन बुनियाद लेवल 3 का परिणाम विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किया गया है। इसमें जिले के 332 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

---

# गेहूं उठान में छात्तर सब यार्ड आगे

- उचाना मंडी में उठान की रफ्तार सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



गेहूं के उठान के मामले में छात्तर सब यार्ड आगे है। उचाना मंडी में उठान की रफ्तार सबसे कम है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार 1281057 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। 1244751 क्विंटल की अब तक खरीद हो चुकी है। उठान अब तक 39 प्रतिशत हुआ है। उठान के मामले में छात्तर सब यार्ड सबसे आगे है। छात्तर सब यार्ड में खादय आपूर्ति विभाग एवं हैफेड ने गेहूं की खरीद की है। यहां पर दोनों एजेंसियों ने मिलकर अब तक 159251 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। अब तक 72 प्रतिशत के करीब का उठान यहां हो चुका है। उचाना मंडी में एचडब्ल्यूसी, हैफेड द्वारा गेहूं की खरीद की है। दोनों एजेंसियों ने 872471 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। उठान अब तक दोनों एजेंसियों को मिलाकर 30 प्रतिशत ही हो पाया है। ऐसे ही घोघड़िया में 41, काब्रच्छा में 71, धनखड़ी में 60 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना मंडी को छोड़ कर गेहूं का उठान सब यार्ड, परचेज सेंटरों पर तेजी से हो रहा है। मंडी में भी उठान की रफ्तार तेज हो इसको लेकर एसडीएम की अगुवाई में खरीद एजेंसियों की मीटिंग हुई थी।

### रात्रि गश्त व नाकाबंदी को और अधिक प्रभावी बनाने की कवायद

**जींद।** जिला जींद में अपराध नियंत्रण में रात्रि गश्त व नाकाबंदी को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में नाइट पेट्रोलिंग (रात्रि गश्त) व नाकाबंदी विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जींद के विभिन्न थानों से आए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान एएसआई मनोज कुमार ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को नाइट पेट्रोलिंग के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा गश्त के दौरान प्रभावी निगरानी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ रात्रि गश्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# उचाना के बाजार, कॉलोनियों में लगे जगह-जगह कूड़े के ढेर, लोग परेशान

- नगर पालिका के पास कूड़ा-कर्कट डालने को जमीन न होने से दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



नपा के पास कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह न होने के चलते आमजन की परेशानी बढ़ रही है। बाजारों, गलियों, सड़क किनारे जगह-जगह कूड़े के ढेर देख जा सकते है। कई कालोनियों में तो कूड़ा-कर्कट के ढेर में आग लगाई जा रही है। नपा खेड़ी मंसानिया रोड पर उचाना कलां के पास कूड़ा-कर्कट डालती थी। यहां पर मोहल्ले के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर कूड़ा डालना बंद कर दिया। ऐसे ही उचाना खुर्द रोड पर गोदाम के पास कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह नपा ने ली थी लेकिन वहां पर भी किसानों के विरोध के कारण कूड़ा-कर्कट डालना बंद करना पड़ा। अब कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह नहीं होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर साफ नजर आ रहे है। दीपक, मनोज, प्रमोद, राहुल ने कहा कि कई दिनों से कूड़ा-कर्कट को लेकर परेशानी हो रही है। पहले कूड़ा-कर्कट को घर-घर, दुकान-दुकान पर जाकर रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली लेकर नपा कर्मचारी आते थे। अब कूड़ा-कर्कट लेने के लिए कोई नहीं आ रहा है। ऐसे में जगह-जगह कूड़ा-कर्कट के ढेर लगने लगे है। ऐसे में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है तो तेज हवा चलने से जो कूडा-कर्कट होता है वो दुकानों, घरों में हवा के साथ आ रहा है। कई जगह पर तो आग तक कूड़े के ढेर में लगाई जा रही है। नपा उचाना सचिव अशोक कुमार डांगी ने बताया कि जो डंम्पिग प्वाइंट है वहां कूड़ा-कर्कट डालने का विरोध किया गया। डंम्पिग साइट देखी जा रही है जहां कूड़ा-कर्कट डाला जा सकें।

---

# नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया

## हिंदू कन्या कॉलेज में लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हिंदू कन्या महाविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल शिक्षण तकनीकों से परिचित कराना तथा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना था। इस अवसर पर कंप्यूटर विज्ञान विभाग की शिवानी ने विद्यार्थियों को लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार एलएमस के जरिये छात्र ऑनलाइन अध्ययन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं, असाइनमेंट जमा कर सकते हैं तथा शिक्षकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर सकते हैं। लाइव डेमो के माध्यम से एलएमस के विभिन्न फीचर्स जैसे ऑनलाइन मैटेरियल, क्लासरूम इंटरैक्शन, ग्रुप एक्टिविटीज और डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग भी दिखाया। जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में आईक्यूएसी की समन्वयक डा. गीता गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को समय की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। कार्यशाला में में छात्राओं ने भाग लिया और एलएमएस के उपयोग को लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस कार्यशाला में लगभग 63 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में सुनीता, रितु व कुमारी सुरभि उपस्थित रहे।

# जॉब फेयर में 27 प्रशिक्षुओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** रोजगार मेले में भाग लेते प्रशिक्षु। फोटो :हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में बुधवार को रोजगार एवं शिक्षुता मेले का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कैंप में 27 प्रशिक्षुओं का चयन देश की जानी-मानी कंपनियों में हुआ। मेले में नैपिनो ऑटो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स गुडगांव व अल्पेक्स सोलर लिमिटेड ग्रेटर नोएडा जैसी कंपनियों ने शिरकत की। इसमें विभिन्न तकनीकी ट्रेडों के छात्रों ने भाग लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों की योग्यता को परखा गया। जिसके आधार पर 27 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना। प्रधानाचार्य ने चयनित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते कहा कि संस्थान का मुख्य लक्ष्य छात्रों को आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुसार तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना है। कहा कि ऐसे कैंपस ड्राइव से छात्रों को सीधे औद्योगिक वातावरण से जुड़ने का अनुभव प्राप्त होता है। कंपनी के अधिकारियों ने आईटीआई जींद के प्रशिक्षण स्तर और छात्रों के अनुशासन की सराहना की। इस सफल आयोजन में प्लेसमेंट सेल से सोनू राम वर्ग अनुदेशक, ललित खटकड़, मनदीप राज और संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

---

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 30 से ज्यादा मिली शिकायतें

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद एवं समस्याओं के समाधान का बेहतर मंच : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान शिकायतें सुनते एसडीएम जगदीश चंद्र।

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार एसडीएम जगदीश चंद्र ने नरवाना उपमंडल के गांव रेवर में मंगलवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान जन समस्याएं सुनी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 30 से ज्यादा शिकायतें एवं जनसमस्याएं प्राप्त हुई और इनमें से अधिकतर का मौके पर निपटारा किया गया। यह रात्रि ठहराव कार्यक्रम मंगलवार को गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक कमलदीप राणा भी मौजूद रहे। एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम किए जा रहे हैं, यह एक अच्छी पहल है। जिसमें ग्रामीणों को सीधे जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों से संवाद का बेहतरीन अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन साधारण से उनके घर द्वार जाकर जनसमस्याएं जानना समझना और उनका यथासंभव समाधान करना है। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को जिला मुख्यालय एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर निरंतर आयोजित किये जा रहे है। साथ ही हर महीना जिला के किसी भी चयनित एक गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। एसडीएम ने तमाम अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर और रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आने वाली समस्याओं को हल्के में ना लें बल्कि अपनी कार्यकुशलता और विभागीय निपुणता के आधार पर उनका समाधान करना अपनी जिम्मेदारी समझें। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि उपमंडल के गांव रेवर में लगभग 30 से अधिक समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित समाधान के निर्देश दिए है। कहा कि ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा अन्य समस्याओं का समाधान के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई।



**उचाना।** भगवान परशुराम प्रगटोत्सव कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण देते हुए।

### भगवान परशुराम प्रगटोत्सव को लेकर दिया निमंत्रण

**उचाना।** तीन मई को उचाना की ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम प्रगटोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति गांव-गांव जाकर निमंत्रण दे रही है। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मुख्य वक्ता शिक्षाविद रामचंद्र अत्री होगे। हरियाणवी कलाकार संदीप शर्मा साहिल हरियाणवी अपने गीतों से भगवान परशुराम के जीवन एवं उनकी महिमा पर प्रकाश डालेंगे। हलके भर से ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। हवन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। रमेश काकड़ोद, मनोज अलीपुरा, प्रमोद पालवां, देवेंद्र मंगलपुर, अजय अलीपुरा ने कहा कि टीमें बना कर गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन वक्ता विस्तार से बताने के साथ-साथ उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है। बढ़चढ़ कर इस दिन लोग पहुचेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिरला स्कूल में कुश्ती की नर्सरी शुरू

राजौंद। बिरला ओपन माईड इंटरनेशनल स्कूल में कुश्ती की नर्सरी शुरू की जा रही है। जानकारी देते हुए कोच राकेश ने बताया कि ट्रायल 1मई को आयोजित किया जाएगा। ट्रायल का समय शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है। इस नर्सरी में 8 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 1500 रुपये प्रतिमाह तथा 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 2000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### शहीद स्मारक का एक को होगा अनावरण : फौजी

कैथल। गांव रोहेड़ा के शूरवीर योद्धा अमर शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के स्मारक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 1 मई 2026 दिन शुक्रवार प्रातः 9:00 बजे मुख्य अतिथि सरदार किरण जीत सिंह संधु शहीद ए आजम भगत सिंह के भतीजे व शहीद के माता-पिता के कर कमलों द्वारा गांव रोहेड़ा के गणमान्य व्यक्ति शासन प्रशासन, रेजीमेंट के कार्यरत सैनिकों,पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों,एन सी सी क्रेडिटो, छात्र-छात्रा जो की हजारों की संख्या में रहेंगे। इन सभी की उपस्थिति में स्मारक का अनावरण होगा। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि 7:00 बजे हवन यज्ञ से शुरू होगा। दीप प्रज्वल किया जाएगा। सिग्नस अस्पताल द्वारा निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाया जाएगा।

## उपायुक्त अपराजिता ने शुरू किया था सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट

# हारना और जीतना क्यों महत्वपूर्ण स्टंबल लैब में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**बच्चों के मन से निकाला जाएगा असफलता का डर, खेल-खेल में सिखाया जाएगा, कैसे बनें मन से मजबूत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी अपराजिता की अगुवाई में शुरू किए गए स्टंबल लैब प्रोजेक्ट के माध्यम से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के मन से असफलता का डर निकाला जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि हारना जीतने के लिए क्यों महत्वपूर्ण है। बच्चों को विशेष स्टंबल लैब प्रोजेक्ट के माध्यम से सिखाया जाएगा कि यदि किसी काम में एक बार असफल हो जाएं तो भी कैसे सफल होना है। विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सिखाया जाएगा कि फेल होना अंतिम विकल्प नहीं होता। बल्कि उस काम में जो कमी रह गई, उसे जानकर फिर से प्रयास करें और सफलता के लिए मजबूती से प्रयास करें।

एक विशेष प्रशिक्षण देने की पहल कैथल डीसी अपराजिता ने स्टंबल लैब नाम के इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग की और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से तीन माह से इस प्रोजेक्ट पर जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है।



कैथल। बच्चों से बातचीत करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य।

### मानसिक रूप से मजबूत बनाना मुख्य उद्देश्य

इस लैब का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। आजकल कक्षाओं में असफल होने पर बच्चों में निराशा घर कर जाती है। वे डिप्रेशन तक का शिकार हो जाते हैं। डीसी अपराजिता का प्रयास है कि बच्चे किसी भी काम में असफल होने पर निराश न हों बल्कि जो बाधा या स्टंबल आई, उसका कारण जानकर दोगुने उत्साह से सफलता का प्रयास करें तो निश्चित तौर पर वे मानसिक रूप से मजबूत होंगे। यही इस स्टंबल लैब का मुख्य उद्देश्य है कि जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, बच्चे निराश न हों।

### डीईओ की अगुवाई में प्रयोग में जुटी टीम

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, विषय विशेषज्ञ छत्रपाल, अधीक्षक सुरेश कुमार, डीएसएस सुशील कुमार सहित जिला शिक्षा विभाग के बीईओ एवं स्कूल स्तर पर सभी कर्मचारियों की टीम द्वारा डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया। जिस पर अलग-अलग स्कूलों में काम चल रहा है। इसके साथ-साथ पूरे प्रोजेक्ट का डाटा, वीडियो व अन्य तथ्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं ताकि पूरे प्रोजेक्ट के निष्कर्ष निकालकर बच्चों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा सके।

### स्टंबल यानि बाधा या अवरोध

डीसी अपराजिता का विज़न है कि हम सभी को जीवन में कभी न कभी असफलता का सामना करना पड़ता है। उनका प्रयास है कि हमारे बच्चों को जब कभी किसी भी काम में असफलता का सामना करना पड़े तो वे उसे घबराकर सफलता का प्रयास करना बंद न करें। वे उस काम में रुचि लें और उस बाधा को पहचानें, जिस बाधा या स्टंबल या अवरोध के कारण वे उस काम में सफल नहीं हो सके। उस कारण को जानकर उसे दूर करें। अपने प्रयास में सुधार करें, निश्चित तौर पर उन्हें सफलता मिलेगी। साथ ही हर बच्चा कक्षा में उत्सुकता के साथ गतिविधियों में भाग ले।

### छोटे प्रयोगों से छात्रों को दी जा रही जानकारी

पिछले तीन माह से डीसी अपराजिता के नेतृत्व में बच्चों को कक्षाओं में छोटे-छोटे प्रयोगों के माध्यम से स्टंबल लैब प्रोजेक्ट के माध्यम से सिखाया जा रहा है। जैसे एक कक्षा के बच्चों को कुछ वस्तुएं दिखाकर पूछा गया कि वे पानी में डूब सकती हैं या नहीं। जो डूब सकती हैं तो क्यों और नहीं डूब सकती तो क्यों नहीं? बच्चों के आंकलन सही या गलत होने पर उसके प्रतिक्रिया नोट करते हुए डाटा तैयार किया गया और बच्चों को इस प्रयोग से घनत्व की जानकारी भी दी गई। इसी प्रकार से गेहूं के दानों की मुट्ठी भरकर दिखाई और उनसे उनकी संख्या का अनुमान लगाने को कहा गया। बच्चों ने अपने-अपने हिसाब से अनुमान लगाया। जब उनका अनुमान गलत निकला तो उनका प्रतिक्रिया नोट की गई। बाद में जब सटीक जानकारी दी गई तो उनका आत्मविश्वास बढ़ा और सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने से उन्हें अंदाजा लगा कि असफल होने पर भी सीखा जा सकता है। जब अगली गतिविधि करवाई गई तो बच्चों ने पिछली असफलता से निराश होने की बजाए उत्साह के साथ अगली गतिविधि में भाग लिया। इसी प्रकार से सूर्य की किरण देखकर समय का अंदाजा लगाने, कागज से उड़ने वाली चीजें बनाने बनाने जैसे अनेकों प्रयोग इस स्टंबल लैब में शामिल किए गए हैं। जिले में प्रोजेक्ट के तहत हर कक्षा में एक सप्ताह में कम से कम एक गतिविधि जरूर करवाई जाएगी। मंत्री महीपाल ढांडा ने भी बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया और उनसे सवाल पूछे। बच्चों के जवाब एवं आत्मविश्वास देखकर मंत्री खूब प्रभावित दिखे और इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की योजना की घोषणा कर डाली।

## न्यूज डायरी



### पर्यावरण संरक्षण व पॉलीथिन दुष्प्रभावों पर दी जानकारी

कैथल। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में एनएसएस यूनिट-399 द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पॉलीथिन मुक्त भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने पॉलीथिन के उपयोग को कम करने तथा वैकल्पिक साधनों को अपनाने का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त ने भी पॉलीथिन के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### चोरी के 2 अलग-अलग मामलों में 4 आरोपी काबू



कैथल। कलायत क्षेत्र में चोरी करने के 2 अलग अलग मामलों में 3 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कैलरम के तरसेम कुमार की शिकायत अनुसार वह एक प्राइवेट बैंक में कार्यरत हैं। 25 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे वह अपने परिवार सहित गांव सलेमपुर ब्राह्मणा जिला पटियाला पंजाब में आयोजित जागरण में शामिल होने गए थे। अगले दिन सुबह जब उसकी पत्नी घर की सफाई करने के लिए पिछले कमरे की ओर गई तो वहां का ताला टूटा हुआ मिला। जिसमें पेटी में रखे गत्ते के डिब्बे से मंगलसूत्र, चैन सेट, सोने की बालियां, दो लेडीज अंगूठियां, सोने के टॉप्स, चांदी की पाजेब, चांदी की गले की चैन तथा चांदी का सिक्का अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया।



### फेयरवेल पार्टी में रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

पूंडरी। डीएवी कॉलेज पूंडरी में बी.ए. व बी.कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को भावपूर्ण और यादगार विदाई दी, जिससे माहौल भावुक हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता मेहनत और लगन से ही प्राप्त होती है। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।



### ईश्वर सिंह ने स्कूल को दिया 10 लाख से अधिक का योगदान

राजौंद। गांव गुलियाना के समाजसेवी चौधरी ईश्वर सिंह रापड़िया ने अपने स्वर्गीय सुपुत्र मंदीप रापड़िया की स्मृति में करीब 10 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित एक बड़े कमरे (मिनी हॉल) का लोकार्पण कर विद्यालय को समर्पित किया। इस सराहनीय पहल से विद्यालय को एक महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है। ईश्वर सिंह रापड़िया ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है और उनका पुत्र मंदीप भी यहीं का छात्र रहा था। इसी भावनात्मक जुड़ाव के चलते उन्हें स्कूल के सभी बच्चों में अपने बेटे की झलक दिखाई देती है। उन्होंने यह भी बताया कि वे हर वर्ष आधा एकड़ हरा चारा गोशाला में दान करते हैं। उनके इस सहयोग के लिए ग्रामीणों व विद्यालय स्टाफ नो उन्हें सम्मानित किया व ग्राम पंचायत की ओर से पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया।



कैथल। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए

### एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर में प्रभावी : डॉ. रेनू

कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल सर्वाइकल कैंसल, मासिक धर्म स्वच्छता, एचपीवी टीकाकरण तथा एनीमिया के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल की प्राधानाचार्य अंजू तलवार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. दीपक, डॉ. अंकित, अजय दुआ व स्कूल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि महिलाओं में होने वाले कैंसर रोग में सबसे ज्यादा सर्वाइकल कैंसर पाया जाता है। एचपीवी वैक्सीनेशन करने उपरांत उक्त कैंसर के होने की संभावना 2 प्रतिशत से भी कम रह जाती है। एचपीवी की रोकथाम के लिए जिला कैथल में गत 28 फरवरी से एचपीवी टीकाकरण अभियान चला हुआ है। एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित वैक्सीन है, जिसे भारत सरकार द्वारा बहुत शोध के उपरान्त टीकाकरण में शामिल किया गया है। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता तथा एनीमिया के बारे जानकारी देते हुये बताया कि लड़कियों को मासिक धर्म के समय स्वच्छता रखना क्यों आवश्यक हैं तथा किशोरियों में हो रही खून की कमी की समय पर जांच करवाकर, उसी पूर्ति के लिये पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। यदि आवश्कता हो तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें।

# शिविर में खादों के उपयोग पर किया जागरूक

- मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग और आधुनिक तकनीकों पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र कैथल में एक महत्वपूर्ण कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने और मृदा स्वास्थ्य को दीर्घकालीन रूप से सुरक्षित रखने पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. रमेश चन्द्र वर्मा ने कृषि अधिकारियों से आह्वान किया कि वे किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेती को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। मृदा वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि लगातार घटती मिट्टी की उर्वरता आज एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ता है। उन्होंने मिट्टी परीक्षण को अत्यंत जरूरी बताते हुए किसानों को सलाह दी कि वे हर वर्ष अपनी मिट्टी की जांच अवश्य कराएं, ताकि पोषक तत्वों की सही जानकारी के आधार पर उर्वरकों का उपयोग किया जा सके। विशेषज्ञों ने बताया कि बिना मिट्टी परीक्षण के अंधाधुंध उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की संरचना और उर्वरता को नुकसान पहुंचता है, साथ ही उत्पादन लागत भी बढ़ जाती है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के कारण सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट और पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।



सीवन। कृषि संगोष्ठी में भाग लेते किसान व जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक ।

### पंजीकरण की अपील

कृषि विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक डॉ. भूपेंद्र सिंह ने किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना और अन्य कृषि विकास कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने किसानों को अपने खेतों का पंजीकरण करवाने और उपलब्ध आर्थिक सहायता व तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# जिले में अब तक 6341 लोगों ने की स्व-गणना : उपायुक्त

- सभी नागरिक 30 अप्रैल तक अपनी गणना अवश्य करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि जनगणना 2027 के तहत जिले में अब तक 6341 लोगों ने स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कर ली है। स्व-गणना के लिए अब केवल एक दिन शेष है, इसलिए सभी नागरिक 30 अप्रैल तक अपनी गणना अवश्य पूर्ण करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

डीसी ने बताया कि स्व-गणना एक सरल प्रक्रिया है, जिसे नागरिक घर बैठे पोर्टल के माध्यम से मात्र 5 से 7 मिनट में पूरा कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आईडी नंबर को गणनाकर्मी को साझा करना होगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 1 मई से जिले में घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे गणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों को सही, सटीक और नवीनतम जानकारी प्रदान करें। डीसी ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिससे देश की योजनाओं का निर्माण और संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाता है।



डीसी अपराजिता

# महाराणा प्रताप जन्मोत्सव का न्यौता देने 360 लाल चबूतरे पर पहुंचे आयोजक

- पंजाब राज्य के कुराली में 3 मई को मनाया जाएगा जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत

पंजाब राज्य के कुराली में 3 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव की सफलता को लेकर आयोजक-संयोजकों की टीम हरियाणा में भी जन संपर्क अभियान चलाते हुए 36 बिरादरी को कार्यक्रम का निमंत्रण देने में लगी है। इसके तहत बुधवार को भानू प्रताप राणा की अगुवाई में आयोजक-संयोजकों की टीम कलायत स्थित मुढाढ़ 360 लाल चबूतरे पर पहुंची। उनके साथ मुख्य रूप से सर्वोत्तम राणा, रवी राणा, साहिल राणा कुराली व सुमित राणा टीम में मौजूद रहे। लाल चबूतरे के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को आयोजन का न्यौता दिया गया। भानू प्रताप राणा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव का जो गुलदस्ता 3 मई को कुराली में सजने जा रहा है वह कलायत की माटी की खुशबू के बिना अधूरा है। वीर भूमि कलायत की धरा से प्रेरणा लेकर उन्होंने इस भव्य आयोजन का मंच सजाने का निर्णय लिया। महान विभूतियों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का यह सशक्त जरिया बनेगा। यह आयोजन पूरी तरह से गैर राजनैतिक होगा। यही वजह है कि सभी दलों के कार्यकर्ता इस महोत्सव को लेकर उत्साहित हैं।



कलायत। कलायत स्थित लाल चबूतरे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव का न्यौता देने पंजाब राज्य से पहुंची टीम। फोटो :हरिभूमि

# वार्ड 11 में पहुंचा नि:शुल्क चलता फिरता अस्पताल, जांचा स्वास्थ्य

- वार्डवासियों को डॉक्टरों ने दी नि:शुल्क दवाइयां व किया फ्री चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

विधायक आदित्य सुरजेवाला की जनसेवा पहल "निःशुल्क चलता-फिरता अस्पताल" आज वार्ड 11 पहुंचा। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने वार्डवासियों का फ्री मेडिकल चेकअप किया और जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं।

इस अवसर पर वार्डवासियों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विधायक आदित्य सुरजेवाला का आभार व्यक्त किया। आदित्य सुरजेवाला ने वार्डवासियों व हल्कावासियों के लिए संदेश देते हुए कहा कि आपके स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए हमारी टीम निरंतर प्रयासरत है। 'निःशुल्क चलता-फिरता अस्पताल' के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हर वार्ड तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें, खासकर उन लोगों तक जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। हमारी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। विधायक इस मोबाइल अस्पताल वैन को "सेवा व समर्पण" की भावना से चला रहे हैं, जिसका उद्देश्य हर वार्ड तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।



केथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### नंबरदारी की आड़ में बेशकीमती सरकारी व निजी क्षेत्र की जमीन नहीं होगी खुर्दबुर्द : पार्षद जगदेव

कलायत। प्रदेश सरकार की डिजिटल फसल सर्वे नीति के बीच कलायत शहर में गिरदावरी की आड़ में कथित तौर से नंबरदारी का फायदा उठाते हुए करोड़ों रुपए की कृषि भूमि के रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ करने का हाईप्रोफाइल मामला सामने आया है। हेराफेरी के गुपचुप ढंग से चल रहे इस खेल में सरकारी व निजी क्षेत्र की जमीन भी शामिल बताई जा रही है। इस गंभीर मामले को लेकर कलायत वार्ड 5 से पार्षद प्रीत जगदेव को सूचना के अधिकार के तहत राजस्व विभाग के रिकॉर्ड की जांच का अधिकार दिया गया है। जगदेव ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर कई घंटों तक रिकॉर्ड रूम में दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान तहसीलदार के निर्देश पर कानूनगो, पटवारी, टीआरए और अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। जांच के दौरान नंबरदार की नियुक्ति, उसके कार्य, विरासत इंतकाल, गिरदावरी एंट्री, अबियाना, पानी चोरी और जमीन से जुड़े विभिन्न रिकॉर्डों का निरीक्षण किया गया। खासतौर पर गिरदावरी में नाम दर्ज होने की प्रक्रिया और नियमों की पड़ताल की जा रही है।



कलायत। कलायत तहसील कार्यालय में रिकार्ड का निरीक्षण करते पार्षद प्रीत जगदेव। फोटो :हरिभूमि

## फल्गु संस्कृति न्यास का सद्भावना समारोह संपन्न

# पुस्तक 'निहाल': जीवन और दर्शन का हुआ लोकार्पण

**प्रथम चरण में संस्था के नाम परिवर्तन पर लिया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

फल्गु राष्ट्रीय संस्कृति न्यास, फरल कैथल का प्रथम सद्भावना समारोह क्षीरधारा के शामगढ़ स्थित सभागार में आयोजित किया गया। इसमें साहित्य, संस्कृति और संगठनात्मक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। तीन चरणों में विभाजित इस भव्य आयोजन ने न केवल साहित्यिक और सांस्कृतिक गौरव का जश्न मनाया, बल्कि न्यास के भावी स्वरूप और उद्देश्यों को भी नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का प्रथम चरण संस्था की बैठक के रूप में रहा, जिसमें न्यास के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। बैठक में संस्कृति के प्रचार-प्रसार के संकल्प को दोहराते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब 'फल्गु मंदिर सुधार समिति' का नाम 'फल्गु राष्ट्रीय संस्कृति न्यास' होगा और यह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी इकाइयों का विस्तार करेगा। इस दिशा में कार्य करने हेतु न्यास की एक नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया, जो न्यास के आगामी उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का कार्य करेगी। समारोह का दूसरा चरण साहित्यिक विमर्श का साक्षी बना। इस दौरान लेखक दिनेश शर्मा 'दिनेश' द्वारा रचित और अद्विक पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक लोककवि निहालचंद 'निहाल': जीवन और दर्शन का भव्य लोकार्पण हुआ। इस कृति को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा के आशीर्वाद और संपादक डॉ. विजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अभिलेखागार प्रमुख अजय कुमार के सान्निध्य में विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



कैथल। पुस्तक लोककवि निहालचंद 'निहाल' : जीवन और दर्शन का भव्य लोकार्पण करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का तीसरा चरण विख्यात कवि चरणजीत चरण द्वारा प्रस्तुत विशेष काव्य प्रस्तुति 'सिया के राम' के नाम रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वर गर्ग, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर अजय शर्मा, तथा वरिष्ठ पत्रकार पवन शर्मा की उपस्थिति रही।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौल (कैथल) की कृषि योग्य भूमि करीब 3.5 एकड़ की वर्ष 2026-27 के लिए ठेके पर देने हेतु बोली 4/05/2026 को दोपहर 12:30 बजे विद्यालय परिसर में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता ₹20000 की सिक्योरिटी राशि देकर बोली में भाग ले सकता है। बोली में बदलाव या रद्द करने का अधिकार अधो हस्ताक्षरी के पास होगा।

प्राचार्य GSSS कौल (कैथल)

## खबर संक्षेप

### पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए 317 सर्वेयर नियुक्त : डीसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत चल रहे ज्ञान भारत मिशन के तहत जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए कुल 317 सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। इनमें से 219 सर्वेयर ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 98 सर्वेयर शहरी क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं ताकि प्रत्येक क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वेयरों की नियुक्ति का उद्देश्य जिले में उपलब्ध दुर्लभ पांडुलिपियों का संरक्षणए डिजिटलीकरण और सूचीकरण सुनिश्चित करना है।

### महिला और किशोरी बिन बताए हुई घर से लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से एक महिला और एक किशोरी के बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में गांव सिरसल के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 26 अप्रैल को दोपहर उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास का भी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। दूसरे मामले में सीवन थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 28 अप्रैल को प्रात करीब 9:30 बजे उसकी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### दोपहर 12 से तीन बजे के बीच अनावश्यक रूप से खुले में जाने से बचें

# उपायुक्त ने हीट वेव से बचाव के अधिकारियों को निर्देश दिए

» **अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करने को कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि इस बार गर्मी अत्याधिक होने की संभावना है। सभी संबंधित विभाग हीट वेव यानी लू से बचने के लिए जरूरी इंतजाम रखें। इसके लिए आमजन के लिए पेयजल, छायादार स्थान एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रत्येक गांवों व शहर के बस अड्डों, सार्वजनिक स्थलों एवं अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की जाए।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय के सभागार में हिटवेव विषय पर आयोजित बैठक ले रहे थे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में हीट वेव से बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं तथा आमजन के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसके लिए जिला स्तर पर हीट वेव प्रबंधन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। जो सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति रिपोर्ट भेजेगा। साथ ही जिला हीट एक्शन प्लान को तैयार कर उसकी नियमित समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी में ओआरएस, जीवनरक्षक दवाइयां, आई फ्लूड, आइस पैक, ठंडा पानी तथा हीट स्ट्रोक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हीट वेव मरीजों के लिए विशेष बेड, वार्ड चिन्हित किए जाएं तथा एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रखी जाएं। हीट से संबंधित बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग की जाए और स्वास्थ्य कर्मियों को हीट स्ट्रेस प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। इसी प्रकार शहरी स्थानीय निकाय व पंचायत विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ, कूलिंग सेंटरए छायादार स्थल एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। पार्कों, सार्वजनिक भवनों व अन्य स्थानों को कूलिंग सेंटर के रूप में उपयोग में लाया जाए। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जरूरत पडने पर शहरी कॉलोनियों के लिए पर्याप्त मात्रा में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, बाजार, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालयों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा हैंडपंपों व जल स्त्रोतों की मरम्मत कर उन्हें क्रियाशील रखा जाए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को कहा कि अस्पताल तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों के लिए समय-समय पर फसल संबंधी एडवाइजरी जारी करने, फसलों को गर्मी से बचाने तथा फसल प्रबंधन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसी प्रकार पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों के लिए हिदायत दी जाए कि वह अपने पुशओं को समय-समय पर पानी पिलाते रहें उनके लिए छाया, चारा एवं पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। सड़क व अन्य भवन निर्माण, मछली पालन, मुर्गा पालन जैसे व्यवसाय से जुड़े मजदूरों के कार्य समय में बदलाव करवाये जाने को लेकर जागरूक किया जाए तथा कार्यस्थलों पर पेयजल, विश्राम व छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने, कक्षाओं में वेंटिलेशन, पेयजल उपलब्धता तथा बच्चों में जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### क्या करें, क्या न करें

डीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान अधिक से अधिक पानी, छाछ, लस्सी, नींबू पानी आदि का सेवन करें, हल्के व सूती कपड़े पहनें, सिर को ढक कर रखें। घर से निकलते समय पानी साथ रखें तथा धूप में जाने से पहले छाता या गमछा का उपयोग करें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें, खाली पेट धूप में न जाएं, अधिक तला, भुना भोजन व शराब, कैफीन से बचें। बच्चों या पालतू जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ें तथा तेज धूप में अधिक परिश्रम न करें। यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण जैसे चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या बेहोशी दिखाई दे तो तुरंत उसे ठंडी जगह पर ले जाकर पानी पिलाएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाएं।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, सीएमओ डा. सुमन कोहली, डीआईओ सुषमा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जबकि एसडीएम सफीदों, उचाना, नरवाना और जुलाना वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### रचनात्मक गतिविधियों से हो रहा सर्वांगीण विकास

# जज्बे और जुनून से बच्चों को मिली पहचान



**जींद।** गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

- बच्चों में सीखने की ललक, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना लगातार बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कक्षा तत्परता कार्यक्रम ने सरकारी स्कूलों के बच्चों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा को खुल कर प्रदर्शित कर रहे हैं। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। बच्चों में सीखने की ललक, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना लगातार बढ़ रही है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं से बच्चों में सकारात्मक सोच और आगे बढने का जुनून पैदा हुआ है। बच्चे अब केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि वे स्वयं करके सीखने की आदत विकसित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे न केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत हो रहे हैं बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी परिपक्व बन रहे हैं। कार्यक्रम के तहत बच्चों को चित्रकला, निबंध लेखन, समूह चर्चा, नाटक, गीत-संगीत, विज्ञान मॉडल निर्माण जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। इन गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता को नया आयाम मिला है। बच्चे अपनी कल्पनाशक्ति और विचारों को अभिव्यक्त करने में अधिक सहज महसूस कर रहे हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने विचारों को खुलकर प्रस्तुत करने में सक्षम हो रहे हैं। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इन गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन और टीम भावना का भी विकास हो रहा है।

#### कक्षा तत्परता कार्यक्रम

कक्षा तत्परता कार्यक्रम ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा दी है, जहां बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर उन्हें जीवन कौशल, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों के जज्बे और जुनून ने यह साबित कर दिया है कि अवसर और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। इस पहल ने न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए महाविद्यालय में कंप्यूटर सेल बनाया



**जींद।** छात्रों के दाखिले के लिए गठित किया गया कंप्यूटर सेल।

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा हरियाणा के निदेशक के निर्देशानुसार विद्यार्थियों की सुविधा के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक द्वारा कंप्यूटर सेल का गठन किया गया है। यह कंप्यूटर सेल प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक महाविद्यालय की लाइब्रेरी के गर्ल्स रीडिंग रूम में संचालित किया जाएगा। इस सेल के माध्यम से विद्यार्थियों के ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं रजिस्ट्रेशन निशुल्क किए जाएंगे। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। जारी आदेशानुसार इस कंप्यूटर सेल की इंचार्ज पुष्पा रानी नियुक्त की गई हैं। नोडल अधिकारी (एडमिशन) एवं समग्र पर्यवेक्षण का दायित्व सुमन को सौंपा गया है। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी ने सुनीं जनसमस्याएं

- भाजपा सरकार जनता को सुशासन देने के प्रति दृढ़ संकल्प : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



**नरवाना।** जनसमस्याएं सुनते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बुधवार को अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु निर्देश दिए। इस दौरान अनेक लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर कैबिनेट मंत्री से अवगत करवाया। कैबिनेट मंत्री द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हुए उचित समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के आवश्यक निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि जनसेवा ही सच्ची सेवा है और जनता की समस्याओं का उचित समाधान सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार जनता को सुशासन देने के प्रति दृढ़ संकल्प है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भी जनमानस की समस्याओं का निवारण करना अपना कर्तव्य समझे और इसे गंभीरता से निभाएं। इसमें लापरवाही या टालमटोल की प्रवृत्ति ना अपनाएं।

### प्लॉट खरीदने के मामले में धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**कैथल।** धोखाधड़ी के दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**कैथल।** चीका क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी शंकर गर्ग कि शिकायत अनुसार वह अपनी पत्नी रिम्पी के नाम अमर सिटी, चीका में 5 मरले का प्लॉट खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात विजय कुमार से हुई, जिसने उचित दाम पर प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया। विजय कुमार ने परमिंदर कौर का प्लॉट दिखाकर सौदा तय कराया। 23 जनवरी 2025 को दोनों पक्ष तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां स्टांप पेपर और रजिस्ट्रेशन फीस जमा करवाई गई, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी। अगले दिन भी यही स्थिति बनी रही। बाद में इकरारनामा तैयार कर 28 फरवरी 2025 तक रजिस्ट्री करने की बात तय की गई।

# बरोदा विधायक के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर में 60 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



**जुलाना।** शिविर में रक्तदान करते युवा।

जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। शिविर का आयोजन आरोग्यम फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंदुराज नरवाल ने शिरकत की। उनके पहुंचने पर आयोजकों और स्थानीय लोगों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। शिविर में कुल 60 युवाओं ने रक्तदान किया। युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि रक्तदान एक महान और पुनीत कार्य है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और इसे केवल मानव शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

# अभाविप ने छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता होती है विकसित : प्रमोद कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सफीदों ईकाई द्वारा महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव पुनः प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक चुनाव प्रक्रिया नही बल्कि विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की पहली पाठशाला होते हैं, जहां से युवा नेतृत्व, संगठन क्षमता, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का विकास होता है। राजकीय महाविद्यालय सफीदों इकाई अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे छात्र अपनी समस्याओं, मांगों और सुझावों को चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है, निर्णय लेने की योग्यता बढ़ती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ मजबूत होती है। इसके साथ ही युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सार्वजनिक जीवन के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।



**कैथल।** जाखौली विद्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन व अन्य अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

### ईंट-भट्टों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना सराहनीय पहल : संदीप नैन

**राजौंद।** खंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन इकाई की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखौली में आयोजित की गई। बैठक में खंड राजौंद के सभी विद्यालयों के मुख्याध्यापक, प्रधानाचार्य एवं मुख्य शिक्षक मौजूद रहे।बैठक के दौरान विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समन्वय संसाधन व्यक्ति के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार समीक्षा की गई। खंड में बाल वाटिकाओं में बेहतर नामांकन के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की गई। खंड राजौंद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या 20 से अधिक होने पर मुख्य शिक्षकों को बधाई दी गई। जनगणना कार्य में शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए बताया गया कि स्व-जनगणना का कार्य 85 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है।

# एंटी नारकोटिक पुलिस टीम व डायल 112 पुलिस कर्मचारी किए सम्मानित

- नशा तस्कर को 360 किलोग्राम चुरापोस्त सहित काबू किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम को सम्मानित करते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन।

एंटी नारकोटिक सैल टीम को तथा डायल 112 गाड़ी नंबर 387 के पुलिसकर्मियों को एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल द्वारा 21 अप्रैल की रात कलायत क्षेत्र से ट्रक में नशा तस्करी कर रहे एक आरोपी को 360 किलोग्राम चुरापोस्त सहित काबू किया गया था। एसपी द्वारा एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, एसआई शुभकरण, एसआई बलराज, एएसआई जसमेर सिंह, एएसआई राजेश कुमार, महिला एचसी सुमन, एचसी सुनील, एचसी अनिल व अन्य टीम मेंबर तथा साइबर सैल के सिपाही अनिल व मोनु को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरे मामले में जिले में बेहतर पुलिसिंग और तत्परता से ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा ईआरवी-387 टीम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पुलिस ने युवाओं को किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस द्वारा जिले भर में नशा जागरूकता अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। इसी कड़ी में नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता, एसपीओ चांदी राम की टीम द्वारा गांव धनौरी राजकीय स्कूल, कुराड़, कोयल, कलायत व लाम्बा खेड़ी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने किया पुंडरी हलके का दौरा

# खिलाड़ियों की सुविधाओं का टीम ने लिया लेखा-जोखा

**भाणा स्टेडियम हाबड़ी के हॉकी स्टेडियम में पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** हाबड़ी में सासंद नवीन जिन्दल की टीम के साथ खिलाड़ी।

सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने वाली पहलों के क्रियान्वयन के लिए सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने पुंडरी हल्के के भाणा स्टेडियम और हाबड़ी के हाकी स्टेडियम का दौरा किया। सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने इन स्टेडियम में मौजूद सुविधाओं और संभावित सुविधाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की ताकि खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त योजना बनाई जा सके। गौरतलब है कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। एक सच्चे खेल प्रेमी के रूप में उनकी सोच है कि "स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। सांसद नवीन जिन्दल पट्टी अफगान के खेल स्टेडियम में सुविधाओं का जायजा लेने स्वयं पहुंचे थे। उन्होंने अपनी टीम को खिलाड़ियों को खेलों से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने के निर्देश दिए थे। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा खेलों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में भव्य सांसद खेल महोत्सव करवा चुके हैं। अब तक लगभग 53 इनडोर जिम स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे युवाओं को अपने आसपास ही आधुनिक फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। 126 सीनियर और 43 जूनियर क्रिकेट किट वितरित की जा चुकी हैं, जबकि 30 वॉलीबॉल व फुटबॉल किट भी खिलाड़ियों को प्रदान की जा चुकी हैं।

#### खेलों के प्रति उत्साह जगा रहे

इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह जगा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि खेलों से अनुशासन आता है और अनुशासन से राष्ट्र मजबूत बनता है। खेल नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का भी सशक्त जरिया हैं। सांसद नवीन जिन्दल की खेलों के लिए आरंभ की गई पहलों से क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिल रही है और युवा वर्ग तेजी से खेलों की ओर आकर्षित हो रहा है।

### अब तक करीब 20 हजार लोगों ने की स्वगणना

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जनगणना 2027 के तहत जिले में अब तक करीब 20 हजार लोगों ने स्वगणना की प्रक्रिया पूरी कर ली है। स्वगणना के लिए अब केवल एक दिन शेष है। इसलिए सभी नागरिक 30 अप्रैल तक अपनी गणना अवश्य पूर्ण करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वगणना एक सरल प्रक्रिया है, जिसे नागरिक घर बैठे एसई डॉट सेनसस डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल के माध्यम से मात्र पांच से 7 मिनट में पूरा कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आईडी नंबर को गणनाकर्मी को साझा करना होगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि एक मई से जिले में घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा।